गऊ ग्राम परखम में गौ संवर्धन व आयुर्वेद अनुसंधान के नए युग का सूत्रपात

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया विभिन्न प्रकल्पों एवं पुस्तकों का विमोचन, लोकार्पण व शिलान्यास







फरह (मथुरा)। दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति, दीनदयाल धाम, फरह के तत्वावधान शनिवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गऊ-ग्राम, परखम में गौ-संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसंधान और शिक्षा को समर्पित विभिन्न प्रकल्पों तथा पुस्तकों का भव्य विमोचन, लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज एवं श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज ने द्वारा गौ-पूजन के साथ हुआ। गौ पूजन के उपरांत पूज्य संतों एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रांगण वंदे मातरम् गान से गूंज उठा। समारोह में केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, दिनेश कुलकर्णी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय किसान संघ, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, धर्मपाल सिंह पशुधन एवं दुग्ध मंत्री, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, स्वामी विनोद बाबा जी महाराज एवं स्वामी शिवचंद्र दास जी महाराज की उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार ने संपन्न हुए प्रमुख प्रकल्पों की जानकारी देने के साथ समस्त पूज्य संतों, अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में पधारे नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित वत्स एवं डॉ. सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापित महेश गुप्ता अध्यक्ष दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति ने किया।



कृषि पर लागत घटाना और उत्पादन बढ़ाना जरूरी है: शिवराज सिंह

समारोह में उपस्थित जनसमुदाय और छात्रों को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने मंच को ज्ञान, भक्ति और कर्म का त्रिवेणी संगम बताते हुए ब्रज भूमि, भगवान श्रीकृष्ण और पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि छोटी जोत वाले किसानों की खेती को लाभकारी बनाने के लिए लागत घटाना और उत्पादन बढ़ाना जरूरी है, जिसका सबसे सशक्त माध्यम गो आधारित प्राकृतिक खेती और पशुपालन है। उन्होंने समिति की नव-उद्घाटित प्रयोगशाला की सराहना करते हुए कहा कि यहां पंचगव्य के लाभों के वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने के साथ-साथ वनस्पतियों के प्रयोग से गौमाता के लिए स्पुपर फूड्स तैयार किया जा रहा है, जिससे गौवंश अधिक स्वस्थ होगा और पंचगव्य उत्पाद और भी गुणकारी बनेंगे। अंत में उन्होंने ब्रजवासियों और किसानों से घर घर गो पालन करने, प्राकृतिक खेती अपनाने तथा गांवों को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड आने का दिया निमंत्रण

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि की ओर से सभी संतों और नागरिकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि गौ-माता का संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती और किसानों की समृद्धि से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति गौ-संरक्षण को आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, चिकित्सा और प्रशिक्षण से जोड़ने का अनुकरणीय कार्य कर रही है। उन्होंने ब्रज भूमि व मां यमुना के अटूट संबंध का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को उत्तराखण्ड के हरिपुर कालसी स्थित यमुना तट के नवनिर्मित भव्य घाट पर आने का आमंत्रण भी दिया।

समारोह में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय गौ गतिविधि संयोजक अजीत महापात्रा, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र, कीर्ति पी कुमार, महेश गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, नितिन बहल, विनीत शर्मा, कौशल किशोर शर्मा, अभिषेक शर्मा, राज्यसभा सांसद चौधरी तेज वीर सिंह, महा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, डॉ. दिनेश, विधायक पूरन प्रकाश, त्रा 0 मेघ श्याम सिंह, राजकुमार चाहर, राम प्रताप चौहान, नवीन जैन, मंजू भदौरिया, डॉ. पुण्यमूर्ति नटेशन, अरविंद गोयल, सतीश अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अनुज कुमार वर्मा, बिरला ग्रुप के समीर अग्रवाल, के.ई.एन. राघवन, आईसीएआर के उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेंद्र भटा, कंवर सिंह तंवर, अजय रस्तोगी, सुरेश कौशिक, शैलजा कांत मिश्र, मुकेश मेश्राम, रंजन कुमार, डी.एस.एन. मूर्ति, संगीत सोम, डॉ. बल्लभ भाई कथीरिया, सुरेश जाकोटिया सहित आयुक्त आगरा, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा उपस्थित रहे।

प्रो. के.एम.एल. पाठक की पुस्तक का हुआ विमोचन

फरह। समारोह में मंचासीन अतिथियों द्वारा पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम से जुड़ी प्रो. के.एम.एल. पाठक की पुस्तक, पाठ्यक्रम वितरण का विमोचन किया गया। इसके साथ ही दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति द्वारा प्रकाशित तथा यूपीईएस देहरादून के प्रोफेसर डॉ. ध्रुव कुमार विश्व के शीर्ष दो प्रतिय कैसर वैज्ञानिकों में शामिल एवं शोधार्थी मेघना पाट्याल द्वारा लिखित पुस्तक इद काऊ रिसर्च रू मॉलिक्यूलर एप्सेक्ट्सश का भी विमोचन हुआ। इस अवसर पर दुबासु के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा ने एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा की मान्यता के संबंध में जानकारी दी और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान के केंद्र में पाठ्यक्रम संचालन तथा पशु चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक शिक्षा से जुड़े सहयोग का उल्लेख किया।

ऋषि गौतम मंच रह रहे उपस्थित

आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज, परमाध्यक्ष अखिल भारतीय स्वामी रामतीर्थ मिशन, देहरादून, डॉ. स्वामी शिवचन्द्र दास जी महाराज, स्वामी विनोद बाबा जी महाराज, गायत्री परिवार के डॉ. चिन्मय पंड्या भाई जी, चंद्रोदय मंदिर वृन्दावन के अनंतवीर जी महाराज, केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल सदस्य सुरेश सोनी, गौ सेवा गतिविधि के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल मार्गदर्शक शंकर लाल, अखिल भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री डॉ. दिनेश कुलकर्णी, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों में बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, योगेन्द्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री व धर्मपाल जी पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा तथा दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता मंच पर विराजमान रहे।

गोवर्धन के होटल में ठहरे यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मथुरा। गोवर्धन में एक होटल के कमरे में ठहरे यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। यात्री के कमरे में अचेत अवस्था में मिलने से होटल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। दरअसल, शनिवार सुबह गोवर्धन बस स्टैंड के समीप स्थित एक होटल में कर्मचारी यात्रियों को चेकआउट की सूचना देने पहुंचे थे। इसी दौरान एक कमरे का दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। शक होने पर होटल के अन्य कर्मचारियों ने कमरे में जाकर देखा तो एक यात्री अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। होटल कर्मचारी मोहन स्वरूप के मुताबिक, कमरे में ठहरा यात्री नरेंद्र सिंह पुत्र दयाराम, निवासी किशनगढ़, अलवर राजस्थान का रहने वाला था। कर्मचारी ने बताया कि कमरे में नशीले पदार्थ के खाली खोखे भी मिले थे। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक ने किसी विषाक्त अथवा नशीले पदार्थ का सेवन किया होगा। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। होटल कर्मचारी के अनुसार मृतक के आधार कार्ड पर दर्ज पते के माध्यम से उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।



अवैध कॉलोनियों पर एमवीडीए ने की कार्यवाही, दो स्थानों पर किया ध्वस्तीकरण

6000 वर्ग मीटर में विकसित अवैध कॉलोनी का सड़क नाली और कार्यालय ध्वस्त, गणेशरा में भी अवैध कॉलोनी की सड़क पर चला बुलडोजर



मथुरा। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए शुक्रवार 27 नवंबर को दो स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने कोटा चंदन नगर स्थित गौड़ केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया और गणेशरा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके पर किए गए निर्माणों को ध्वस्त कराया। प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई मौजा कोटा चंदन नगर स्थित गौड़ केंद्र इंडस्ट्रियल एरिया में की गई। यहां रोहित अग्रवाल द्वारा बिना किसी पूर्व वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी विकसित की गई थी। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सम्यक विचारोपरांत 18 जून 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। निर्धारित अवधि में विकासकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर शुक्रवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर निर्मित सड़क नाली और कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। इसी क्रम में दूसरी कार्रवाई मौजा गणेशरा में खसरे गोदाम के पीछे खसरा संख्या 591 और 592 पर की गई। यहां भी बिना पूर्व वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के अवैध निर्माण कर कॉलोनी विकसित की गई थी। सुनवाई के बाद 17 अगस्त 2026 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। इसके बावजूद मौके पर बनाई गई अवैध कॉलोनी की सड़क नहीं हटाई गई थी। शुक्रवार को उपाध्यक्ष के निर्देश और सचिव के नेतृत्व में प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर सड़क को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एन लक्ष्मी ने स्पष्ट किया है कि अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बिना वैधानिक स्वीकृति और मानचित्र अनुमोदन के कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण का हुआ भूमि पूजन



मथुरा। श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। आचार्य गोविंद गोस्वामी एवं प्रणव गोस्वामी के आचार्यत्व तथा अनिल स्वामी के निर्देशन में शास्त्रोक्त विधि से पूजन कराया गया। इस अवसर पर हनुमान बाग गोवर्धन के महंत बाबा सियाराम दास का सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य मनोरथी जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण रहे। भूमि पूजन संयुक्त रूप से मुख्य मनोरथी नारायण दास अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, सभा के संरक्षक गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं रविकांत गर्ग, सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिशोर अग्रवाल एवं नंदकिशोर अग्रवाल, महामंत्री मूलचंद गर्ग, मंत्री प्रदीप सरीफ पीके एवं विजय किरोड़ी तथा कोषाध्यक्ष शैलेश सरीफ ने किया। भूमि पूजन के उपरांत सभा की ओर से उपस्थित संतों, मनोरथियों, मुख्य अतिथि एवं संरक्षकों का सम्मान और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल बजाज, अजय मास्टर, हेमंत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल वृंदावन वाले, श्याम सिंह अहेरिया, महावीर मित्तल, प्रदीप गोस्वामी, सर्वेश शर्मा एडवोकेट, गोकुलचंद सरीफ, कृष्ण मुरारी नेताजी, सुरेंद्र शर्मा खीना, विजय बहादुर सिंह, योगेंद्र चतुर्वेदी, गोपाला चतुर्वेदी, पंडित अमित भारद्वाज, अमृतलाल खंडेलवाल एवं प्रदीप वल्लभ शर्मा सहित सभा के समस्त पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

लंदन की ब्रिटिश संसद के चर्चिल हॉल में डॉ. कमलकांत उपमन्यु और उनके पुत्र रौनक उपमन्यु सम्मानित

ग्लोबल इनोवेशन एंड लीडरशिप समिट-2026 में मिला सम्मान, डॉ. उपमन्यु बोले- यह सम्मान मेरा नहीं, समूचे ब्रज का है

मथुरा. ब्रज के लिए गौरव का क्षण है। एनयूजेआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट और उनके पुत्र रौनक उपमन्यु एडवोकेट को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ कॉमन्स के चर्चिल हॉल में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। दोनों को उनकी उपलब्धियों एवं विशिष्ट योगदान के लिए स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. कमलकांत उपमन्यु ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन में उनका और उनके बेटे का सम्मान वास्तव में समूचे ब्रजवासियों का सम्मान है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को ब्रज की जनता के स्नेह, आशीर्वाद और प्रतिष्ठा को समर्पित किया। डॉ. उपमन्यु ने बताया कि द्विपक्षीय संबंधों के एक ऐतिहासिक पड़ाव की पृष्ठभूमि में जी मीडिया कॉर्पोरेशन द्वारा 27 नवंबर 2026 को ब्रिटिश संसद के प्रतिष्ठित चर्चिल हॉल (हाउस ऑफ कॉमन्स), लंदन में 'ग्लोबल इनोवेशन एंड लीडरशिप समिट-2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भारत और ब्रिटेन के बीच संस्थागत, सामाजिक एवं प्रवासी संबंधों को मजबूत बनाने के साथ नवाचार, नेतृत्व और आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस समारोह में ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष तथा सिविल एरिया कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट के साथ उनके पुत्र रौनक उपमन्यु एडवोकेट भी उपस्थित रहे। रौनक उपमन्यु नेशनल डिबेटर होने के साथ ही क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में एलएलएम के विद्यार्थी हैं। समारोह में दोनों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स की सदस्य बैरोनेस संदीप वर्मा, ब्रिटिश सांसद गगन मोहिंद्रा, ईलिंग साउथॉल के पूर्व सांसद वीरेंद्र शर्मा, ब्रिटिश सरकार के अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग के राज्य सचिव के पूर्व आयुक्त सुभाष पी. ठाकरार, अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु अखंड स्वामी जी महाराज, लंदन चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (यूके) के सलाहकार एवं तेलंगाना ग्लोबल एनआरआई सेल के संयुक्त संयोजक सुरेश मंगलागिरी तथा आरबीकेएस के चेयरमैन अशोक वर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समारोह को संबोधित किया।

नगर निगम ने शुरू की विशेष मुहिम, आहत नहीं होगी आस्था

इधर उधर न छोड़ें खंडित मूर्तियां और धार्मिक तस्वीरें नगर निगम की टीम के सुपुर्द करें



मथुरा। घर में खंडित हुई भगवान की मूर्तियां, धार्मिक कैलेंडर, तस्वीरें अथवा पूजा सामग्री अब किसी उपयोग में नहीं आ रही है, तो उन्हें घाट किनारे, मंदिरों या पेड़ों के नीचे छोड़ने के बजाय आप नगर निगम की टीम को दे सकते हैं।अक्सर लोग घरों में रखी पुरानी धार्मिक सामग्री को पवित्र सरोवरों, जल स्रोतों या नदियों के किनारे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ आदि के नीचे छोड़ जाते हैं इससे जहां एक ओर लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं तो वहीं यह सामग्री नदियों तक पहुंचकर जल प्रदूषण का कारण भी बनती है। जिसके निवारण के लिए अब धर्म नगरी मथुरा में लोगों की खंडित वस्तुओं के प्रति धार्मिक भावना को देखते हुए नगर निगम मथुरा-वृंदावन की ओर से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत घाटों पर टीम नियमित रूप से निगरानी कर रही है और वहां छोड़ी गई धार्मिक सामग्री को सम्मानपूर्वक एक स्थान पर एकत्रित कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि धार्मिक आस्था से जुड़ी सामग्री को कहीं भी लावारिस हालत में न छोड़ें, बल्कि नगर निगम की टीम को सौंपें। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने घर की पुरानी या खंडित मूर्तियों का विसर्जन करना चाहता है, तो वह घाट पर मौजूद नगर निगम की टीम को उक्त सामग्री सौंप सकता है । जिसका नगर निगम द्वारा सम्मान पूर्वक धार्मिक तरीकों से ही निस्तारण किया जाएगा।

मार्निंग रेड में विद्युत विभाग ने की कार्यवाही, घरेलू कनेक्शन पर व्यवसायिक गतिविधियां पकड़ीं



मथुरा । शहरी रेड्स टीम ने शुक्रवार को अलग-अलग क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर तीन स्थानों पर विद्युत अनियमितताएं पकड़ीं। जांच के दौरान घरेलू कनेक्शनों से व्यावसायिक एवं निर्माण कार्यों में बिजली का उपयोग होता मिला। विभागीय कार्रवाई के बाद संबंधित उपभोक्ताओं पर लाखों रुपये का जुर्माना संभावित है। शहरी अधिशासी अभियंता रेड्स रवीन्द्र कुमार डोलका के निर्देशन में सहायक अभियंता रेड्स भूपेन्द्र और जेई पवन एवं भरत सहित टीम के सदस्यों ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम को सूचना मिली थी कि कुछ उपभोक्ता घरेलू विद्युत कनेक्शन लेकर उनका उपयोग व्यावसायिक कार्यों में कर रहे हैं। इस पर जयगुरुदेव बिजलीघर से पोषित औद्योगिक फीडर क्षेत्र में जांच की गई। यहां एक उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बिजली का उपयोग करता मिला। जांच में चार किलोवाट का लोड पाया गया। इसके अलावा वृंदावन के चौतन्य विहार क्षेत्र में दो स्थानों पर घरेलू कनेक्शन से निर्माण कार्य में बिजली का उपयोग होता मिला। दोनों स्थानों पर साढ़े चार-साढ़े चार किलोवाट का लोड पाया गया। टीम ने तीनों मामलों में कार्रवाई करते हुए आगे की विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी है।

खंडहर में लटका मिला युवक का शव

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव सुजात नगर में एक युवक का शव खंडहर में फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है पचोखरा के गांव सुजात नगर के खंडहर में एक युवक का शव फांसी पर लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने उसकी पहचान 22 वर्षीय हिमांशु पुत्र भूरी सिंह के रूप में की है उन्होंने बताया के हिमांशु का 20 नवंबर को परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे क्षुब्ध होकर वह कहीं चला गया परिजन उसकी तलाश करते रहे परंतु उसका कोई सुराग नहीं लगा शनिवार की प्रातः कुछ लोग खंडहर पहुंचे देखा तो हिमांशु का शव पेड़ पर लटक रहा था ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए उन्होंने उसकी पहचान उपरोक्त के नाम पर की परिजनों में कोहराम मच गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है मृतक मजदूरी करता था मृतक चार भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।